हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 25 दिसंबर 2023

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 12 डिग्री

4 विद्यार्थियों के शानदार नृत्य प्रदर्शन ने मोह लिया दर्शकों का मन



## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**डोमनहिल।** 25 दिसंबर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। नगर निगम चिरमिरी के सभागार में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम का होगा। आयुक्त नगर निगम चिरमिरी ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं आमजन को कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार छग के समस्त निकायों में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। गौरतलब है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में 25 दिसंबर को नगर निगम के सभागार में सुशासन दिवस के रूप में कार्यक्रम संपन्न होना है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम चिरमिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार 25 दिसंबर को प्रातः सुबह 10 बजे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती के अवसर पर उनकी छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया जाएगा, वहीं संध्या 4 बजे निगम के सभागार में कवि सम्मेलन, कविता पाठ, अंगूठी निबंध स्पर्धा का आयोजन वी अटल बिहारी की जीवनी पर प्रदर्शनी आयोजित होगा।

### स्कूलों में शीतकालीन अवकाश शुरू

**बैकुण्ठपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अपने निर्धारित शैक्षणिक कैलेंडर अनुसार विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार चालू शिक्षा सत्र में विद्यालयों के लिए शीतकालीन अवकाश 24 से आगामी 30 दिसंबर तक घोषित किया है, इसके कारण अब एक सप्ताह तक विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश के कारण विद्यालयों के पट बंद रहेंगे। जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर को शनिवार है और इसके अगले दिन 31 दिसंबर को रविवार अवकाश है, इस तरह विद्यालयों में अब अगले वर्ष 2024 को 1 जनवरी को विद्यालय के पट खुलेंगे। उल्लेखनीय है कि दिसंबर के महीने में सबसे अधिक ठंड का असर रहता है, जिसे देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही शीतकालीन अवकाश घोषित कर देता है। इस तरह जिलेभर के स्कूलों में 24 से 31 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश के कारण विद्यालय बंद रहेंगे और इसके बाद नए साल के पहले दिन 1 जनवरी को विद्यालयों के बंद पट खुलेंगे। उल्लेखनीय है कि इन दिनों कोरिया जिले में ठंड का तेज असर है, इसके कारण ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चे जिनके पास पर्याप्त गर्म कपडे भी नहीं रहते हैं,वे ठंड से ठिठुरते रहते हैं, ऐसे में जारी शीतकालीन अवकाश से बच्चों को कुछ दिनों के लिए ठंड से राहत मिल गई है।

### शिवशक्ति माइनिंग सरदार के लिए चयनित

**बैकुण्ठपुर।** शहर के पुलिस लाइन में रहने वाले छात्र शिवशक्ति भगत का चयन कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित सीसीएल परीक्षा के माध्यम से माइनिंग सरदार पद पर हुआ है। जानकारी के अनुसार भारत सरकार के अधीन कोल इंडिया कंपनी के अनुसंगी कंपनी सीसीएल रांची द्वारा आयोजित परीक्षा में शिवशक्ति भगत ने ऑल इंडिया 8 वां रैंक हासिल कर माइनिंग सरदार पद प्राप्त किया है। शिवशक्ति भगत एक होनहार मेधावी छात्र रहे हैं। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता ,गुरुजन को दिया है। पिता आनंदराम भगत बैकुंठपुर से स्थानांतरित होकर अब सरगुजा जिले के पुलिस लाइन में एएसआई पद पर पदस्थ हैं।



## क्रिसमस : गिरजाघरों में आज होगी विशेष प्रार्थना

# मध्यरात्रि जन्मे प्रभु यीशू, बंटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

मसीही समाज द्वारा क्रिसमस का पर्व 24-25 दिसंबर की मध्य रात्रि में उल्लास के साथ मनाया गया। 25 दिसंबर को दिनभर क्रिसमस के उल्लास में समाज के लोग जुटे रहेंगे। आज के दिन प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां घर-घर बिखरी रहेगी और दिनभर विभिन्न तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया जाएगा, इसमें परिवार के लोगों के साथ शुभचिंतकों को भी दावत में शामिल किया जाएगा। क्रिसमस के दिन से शुरू हुआ उल्लास आगामी एक सप्ताह तक चलेगा, यानी नए साल तक प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाई जाती रहेगी। मिली जानकारी के अनुसार बीते 24 दिसंबर की रात्रि में शहर से लगे रामपुर स्थित रोमन कैथोलिक गिरजाघर में मसीही समाज के लोग काफी संख्या में जुटे। इस दौरान पूरे गिरजाघर में उमंग उल्लास का माहौल बना हुआ था, इसी बीच मध्य रात्रि में प्रभु यीशु के जन्म की घड़ी जैसे आई वैसे ही गिरजाघर का घंटा गुंजने लगा, विद्युत झालरों के बीच कैंडल की रौशनी भी बिखर गई। इसके साथ ही जुटे समाज को फादर के द्वारा बाईबिल का संदेश पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों के द्वारा विशेष आराधना प्रभु यीशु के जन्म को लेकर शुरू की गई। मध्य रात्रि तक प्रभु यीशु के जन्म के खुशी में मसीही समाज के लोग ठंड की परवाह किए बिना ही परिवार के सदस्यों के साथ उपस्थित रहे। वहीं शहर के मिशन कालोनी स्थित ईएलसी चर्च में इसके अनुयायी 25 दिसंबर को जुटेंगे और बाईबिल पाठ करने के बाद यहां भी विशेष आराधना की जाएगी। जानकारी के अनुसार बीते 24- 25 दिसंबर की मध्य रात्रि में प्रभु यीशु की जन्म की खुशियां मनाने के लिए समाज के युवक-युवतियां देर रात्रि तक संगीत की धुन में नृत्य करते रहे और यह क्रम आज भी चलेगा। उल्लेखनीय है कि मसीही समाज का सबसे बड़ा पर्व क्रिसमस होता है, जिसकी तैयारियां लगभग एक माह पूर्व से शुरू कर दी जाती है। क्रिसमस का संदेश देने के लिए कैंरोल गीत गाने समाज के घर-घर तक कई दिनों पूर्व से देने के लिए गडेरिया दल पहुंचता है, जो क्रिसमस आने का संदेश देते हैं, जिससे कि समाज के लोगों में कई दिनों पूर्व से खुशियों से भर जाते हैं। क्रिसमस पर्व को लेकर गिरजाघरों को आकर्षक तरीके से सजाया संवारा गया था, विद्युत झालरों के साथ स्टार, क्रिसमस ट्री आदि से गिरजाघर क्रिसमस की रात्रि में जगमग रहा। वहीं क्रिसमस पर्व पर 25 दिसंबर को समाज के लोग एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई देते रहेंगे।



क्रिसमस पर्व पर सजाया गया चर्च।

### गिराजा घरों में आकर्षक चरनी

क्रिसमस के अवसर पर चरनी का विशेष महत्व रहता है। मान्यता है कि प्रभु यीशु का जन्म एक गौशाला में हुआ था, जिसे ध्यान में रखते हुए समाज के लोगों के द्वारा क्रिसमस के अवसर पर घांस-फूस की चरनी बनाई जाती है। उसी चरनी में प्रभु यीशु की प्रतिरूप बनाया जाता है, जिसका दर्शन उपस्थित समाज के लोगों के द्वारा किया जाता है। शहर से लगे रामपुर व मिशन कॉलोनी स्थित गिरजाघरों में समाज के लोगों के द्वारा आकर्षक चरनी भी बनाए गए, जो आकर्षण का केन्द्र रहा।

### जमकर रही केक की मांग

क्रिसमस पर्व को लेकर केक की मांग जमकर रही, इसके लिए पूर्व में ही दुकान में आर्डर कर दिए गए थे। नए वर्ष से पूर्व क्रिसमस के अवसर पर शहर में केक की जमकर मांग रही। कई मसीही परिवार ऐसे भी रहे जिनके द्वारा अपने घर में ही केक तैयार किए गए और क्रिसमस के दिन परिवार के लोगों के द्वारा केक काटकर क्रिसमस का पर्व मनाया गया, वहीं गिरजाघरों में भी केक काटा गया। इस तरह उल्लास के साथ क्रिसमस का पर्व मनाया गया।

### बाजारों में रही चहल पहल

क्रिसमस पर्व को लेकर बाजार में कई दिनों पूर्व से चहल-पहल बनी रही। क्रिसमस पर्व की खरीदी के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने घर से निकल बाजारों में खरीदी करते रहे। कपड़ों की दुकानों के साथ सजावटी सामानों, चरनी, क्रिसमस ट्री के साथ उपहारों की खरीदी के लिए लोग बाजार में निकले ,इसके कारण बाजार में रौनक ठंड के बावजूद बनी रही।



शिविर में उपस्थिति जिपं अध्यक्ष व अन्य ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर खड़गवां में

हरिभूमि न्यूज. खड़गवां

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री की शासकीय योजनाओं प्रचार के रथ जिले के विकासखंड खड़गवां के ग्राम पंचायत बरदर तथा शिवपुर पहुंचे। दोनों विकासखंड़ में पंचायत स्तरीय गठित उत्सव समितियों तथा स्वागत समितियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथों का सभी ग्राम पंचायतों में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विकासखंड़ खड़गवां के ग्राप पंचायत बरदर तथा ग्राम पंचायत शिवपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह तथा जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनमती उर्रे का भी समिति के द्वारा स्वागत किया गया, इसके बाद पूर्व से योजना लाभ ले रहे हितग्राहियों राजेन्द्र साहू ने प्रधानमंत्री आवास, श्रीमती जय कुंवर ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, जगत सिंह ने आयुष्मान कार्ड तथा सोनसाय ने मनरेगा अंतर्गत मिलने वाले लाभों को मेरी कहानी, मेरी जुबानी के जरिए अपने अनुभव साझा किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिविर स्थल पर लक्षित हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर जानकारियां दी जा रही है। अनेक योजनाओं के कई मांग 23 दिसंबर को प्राप्त हुए। बरदर में आयुष्मान कार्ड के 17, पीएम आवास के 5, पीएम उज्जवला के 8, पीएम किसान सम्मान निधि के 6, किसान क्रेडिट कार्ड के 8, विद्युत विभाग के 1, पीएमजीएसवाय के 6, राजस्व के 2, जनपद के 3, पीडब्ल्यूडी विभाग के 1, समाज कल्याण के 17, खाद्य विभाग से राशन के लिए 2 मांग प्राप्त हुए हैं। शिविर में प्रधानमंत्री का रिकार्डेड संदेश सुना गया। शार्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

# योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में करें कार्य

हरिभूमि न्यूज. एमसीबी

■ पीएम जन मन योजना की बैठक

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने पीएम जनमन योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जनमन योजना के अंतर्गत जिले में पीवीजीटी विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह जिले में बैगा की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर श्री दुग्गा ने जिले के चिन्हांकित सभी पीवीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड़ में कार्ययोजना बनाकर सर्वे कराने तथा शिविर के माध्यम से कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने तथा सर्वे का प्रारूप बनाने के निर्देश दिए। पीवीटीजी निवासरत गांवों के सर्वे के समस्त संबंधित विभाग को दल गठित करने के पश्चात प्राप्त ऑकड़ों के आधार पर चिन्हांकित लोगों का सर्वे कर उनकों लाभान्वित करने पूरी तत्परता से कार्य करने तथा लोगों प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईडीएम घनश्याम को जनमन योजनांतर्गत प्रगति की एंट्री आनलाईन पोर्टल में करने के निर्देश दिए, जिसके के आधार पर सर्वे समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाना है। पक्के घर का प्रावधान, संपर्क सड़के, नल से जल तथा समुदाय आधारित पेयजल, मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रावासों का निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहु उद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण ग्रिड तथा सोलर पावर के माध्यम से, वनधन केन्द्रों की स्थापना, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता, आजीविका संवर्धन के लिए आच्छादित किया जाना है।

### 2 दिन में ही आधा दर्जन से ज्यादा शराबियों पर जुर्म दर्ज

**चरचा कॉलरी।** थाना क्षेत्र में चौक-चौराहों और सड़कों के किनारे शराब पीकर उत्पात वाले शराबियों पर कार्रवाई की गाज गिरी है। थाने में ही 2 दिन में सात शराबियों के विरुद्ध छग आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। शराब पीकर सार्वजनिक स्थान पर माहौल खराब करने वाले आरोपियों का शराब मापी यंत्र एनालाइजर से परीक्षण कराया गया। अधिकांश आरोपियों में 187 से लेकर 429 एमजी प्रति मिलीलीटर मिला । 2 दिन में ही पुलिस ने संजय कुमार देवांगन, गोपाल सिंह, राम रतन सिंह ,किशन कुमार सारथी, शीतल, प्रभात, कवि, शंकर यादव, राजू सहित कुल सात आरोपियों के खिलाफ छग आबकारी अधिनियम की धारा 36 के तहत मामला दर्ज किया है।

# पांच दिवसीय एफएलएन आधारित प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज. नागपुर

विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय एफएलएन आधारित प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन शासकीय माध्यमिक शाला लाई में विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र जायसवाल के उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इसमें 10 संकुल बरबसपुर, बरबसपुर ए, नागपुर, नागपुर ए, घुटरा, घुटरा ए, बेलबहरा, महाई, बिहारपुर एवं कछोड़ के सभी प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक प्रशिक्षण में भाग लिए। डिकोडिंग संख्यात्मक ज्ञान सीखने के प्रतिफल निपुण भारत राष्टीय शिक्षा नीति 2020 नवाजतन गतिविधि पूर्ण शिक्षा पियर व ग्रुप लर्निंग पर चर्चा छात्रों को सीखाना नहीं बल्कि सीखना कैसे है के तहत सेल्फी विद, सक्सेस आदि विभिन्न प्रकार के खेल आधारित गतिविधि कराकर शिक्षकों को अपडेट किया गया। प्रशिक्षण के समापन विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र जायसवाल एवं संकुल प्राचार्य गिरीश कुरचानिया के गरिमा मय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसमें संकुल समन्वयक बरबसपुर से रूपनारायण राय, बरबसपुर से लव कुमार साहू, नागपुर से श्रीमती कंचन सिंह, शेष पेज 4 पर



प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारी व अन्य ।

# केबिनेट मंत्री से मिले वनकर्मी

**बैकुण्ठपुर।** कैबिनेट में मंत्री पद मिलने के बाद 23 दिसंबर के दिन श्याम बिहारी जायसवाल अपने निवास ग्राम रतनपुर पहुंचे। श्री जायसवाल का स्वागत करने काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं अलग-अलग विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी पहुंचे। मंत्री पद मिलने के बाद मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को बधाई देने छग वन कर्मचारी संघ के सदस्य भी पहुंचे। इस दौरान एसडीओ अखिलेश मिश्रा, रेंजर अर्जुन सिंह, वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष कोरिया सुधाकर पुरी, सचिव बालेश तिवारी सहित काफी संख्या में वन कर्मचारी एवं लघु वेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



मंत्री को माला पहनाकर स्वागत करते वनकर्मी ।

# एसपी ने ली समीक्षा बैठक, शिकायतों की करें निष्पक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले के रक्षित केन्द्र के कांफ्रेंस हॉल में कोरिया एसपी ने सभी पुलिस प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली है। बैठक में एसपी ने पुलिस मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय एवं वरिष्ठ कार्यालय से जारी आदेश एवं निर्देश को प्रत्येक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को अवगत कराने पर विशेष जोर दिया। एसपी श्री बसंल ने जिले में चल रहे सामर्थ अभियान के तहत अवैध कारोबार युवा सट्टा, नशीली, दावों के विरुद्ध कार्रवाई करने, लंबित अपराध, विवेचना, चालान, लघु अधिनियम, आर्म्स एक्ट मार्ग जैसे अनेक विषयों पर गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक थाना प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक को स्वयं गणना लेने के साथ ही शिकायत के संबंध में कोई भी व्यक्ति थाने से निराश होकर न लौटे। थाने में पहुंचे लोगों के साथ सौहाद्रपूर्ण व्यवहार करने एवं शिकायतों पर निष्पक्ष जांच करने को कहा गया । एसपी ने साइबर से संबंधित अपराध को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने गुंडा बदमाश, निगरानी एवं थाने में लगातार बुलाकर चेकिंग करते रहने पैदल मार्च कॉबिंग ग्रस्त करने के साथ क्षेत्र में निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उक्त अपराध समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी शेष पेज 4 पर

### सोशल मीडिया पर जुड़े लोग-

एसपी ने सभी प्रभारियों से कहा कि अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी दें एवं कोरिया पुलिस के फेसबुक पेज, इंस्टाग्राम एवं ट्विटर से लोगों को जुड़ने के बारे अवगत कराए। कोरिया पुलिस लगातार अपराध में लगाम कसने का कार्य कर रही है, जिसकी जानकारी वह अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पेज, इंस्टाग्राम एवं ट्विटर में पोस्ट करती है साथ ही आवश्यक जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने का कार्य भी कर रहे हैं।

### राजपत्रित अधिकारी निरंतर करें थाना विजिट

अपराध समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक कोरिया ने पुलिस राजपत्रित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी हफ्ते में कम से कम एक बार अपने अधिकार क्षेत्र के किसी एक थाना में विजिट जरूर करें, जिससे थाना का दस्तावेज चेक, रजिस्टर चेक आदि की जांच हो सके और आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी करें।

### विवेचना में सुधार लाने के निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने जिले के अपराध समीक्षा बैठक में विवेचक के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर की विवेचना की जाए। राजपत्रित अधिकारी विवेचकों के कार्य का बंटवारा पर विशेष ध्यान दें। कोरिया जिले की इस अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि आपके अधीनस्थ एवं आपके द्वारा की जाने वाली विवेचना एवं दोषसिद्धि पर विशेष ध्यान दिया जाए। विवेचना का स्तर पर आवश्यक सुधार कर स्तर बढ़ाने का भरपूर प्रयास करें। साथ ही मामलों में फास्ट ट्रैक चालान करने को भी निर्देशित किया।

## नए वैरिएंट को लेकर स्वास्थ्य महकमा एलर्ट मोड पर

# कंचनपुर कोविड अस्पताल में मॉक ड्रिल, सभी उपकरणों को जांचा गया

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरोना के नए वेरिएंट के आहट के बाद स्वास्थ्य विभाग एलर्ट मोड में नजर आ रहा है। जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों ने नए वेरिएंट से निपटने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। रविवार के दिन जिले के कंचनपुर स्थित कोविड अस्पताल में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में मरीज को कैसे अस्पताल तक लाने और उपचार करने के लिए सभी जरूरी तैयारियों का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल में ऑक्सीजन प्लांट का संचालन एवं कोविड अस्पताल के सभी उपकरणों को चलाकर जांचा गया एवं मरीज के आने पर सभी तैयारियां जैसे वेंटिलेटर मॉनिटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन सप्लाई व प्रशिक्षित मानव संसाधन के साथ मॉक ड्रिल पूर्ण किया गया। तत्पश्चात कोविड 19 के जांच के लिए जिले में स्थापित वायरोलॉजी लैब का भी निरीक्षण किया गया। कोविड से संक्रमित मरीज के इलाज के लिए कोविड अस्पताल में तैयारी पूर्ण कर ली गई है। मॉकड्रिल में कोरोना के नए वेरिएंट से निपटने की तैयारी पर जिला प्रशासन द्वारा संतुष्टि जाहिर की गई। इस दौरान डीएसओ डॉ.अभिषेक गढ़ेवाल, जिला प्रबंधक प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन राकेश सिंह, जिला समन्वयक क्षय नियंत्रण कार्यक्रम शिशिर जायसवाल, नर्सिंग प्रभारी सूर्य विक्रम सिंह के साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



व्यवस्थाओं का जायजा लेते जिपं सीईओ





### अस्पताल में आयोजित किया गया मॉक ड्रिल-

संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में मॉकड्रिल का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएस सेंगर के उपस्थिति में किया गया।

### कोविड के नियमों का करें पालन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में आने वाले कोविड नए वेरियेन्ट के बारे में समस्त स्वास्थ्य विभागीय को निर्देश देने के लिए वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। समस्त अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी समय पर अस्पताल में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि समस्त स्वास्थ्य विभाग को निर्धारित समय से पूर्व कोई भी अपना कार्यस्थल न छोड़े। खंड चिकित्साधिकारी एवं खंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों का सतत निरीक्षण करें। मैदानी कर्मचारी सभी मुख्यालय में रहकर कार्य करना सुनिश्चित करें। स्व प्रेरित होकर सभी अपना कार्य जिम्मेदारी से करें। अपने चिकित्सालय में कोविड के नए वेरियेन्ट के संबंध में मॉक ड्रिल करें। सभी उपकरणों की जांच कर ले तथा जिन्हें मरम्मत की आवश्यकता है, उसे समय से बनवा लें। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए कोविड के सैम्पलिंग करने के निर्देश दिए गए। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाना है, इसमें सभी अस्पतालों में श्रमदान करते हुए विशेष साफ-सफाई के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जाना सुनिश्चित करें, जो अधिकारी-कर्मचारी अच्छा कार्य करेंगे, उन्हें जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। ड्यूटी अवधि में कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना सक्षम अधिकारी के स्वीकृत बिना यदि अनुपस्थित पाया जाता है तो कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। आम जनता के प्रति अपना विश्वास बनाए, सभी की मदद करें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के प्रगति पर संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

**खबर संक्षेप**

## शांतिभवन चर्च जशपुर में क्रिसमस की धूम



**जशपुर।** रायगढ़ रोड स्थित संत एग्नासियूस चर्च शांति भवन को दुल्हन की तरह सजाया गया है। रात 12 बजे ईसा मसीह का जन्मोत्सव सुरू होगा। मसीही समाज के धर्मावलंबी सैकड़ों की संख्या में रात को एकत्र होकर ईसा मसीह का जन्मोत्सव मनाएंगे।

## लोयला महाविद्यालय में गैदरिंग व सर्वधर्म समभाव कार्यक्रम



**जशपुर।** लोयला महाविद्यालय में गैदरिंग एवं सर्वधर्म समभाव कार्यक्रम 23 दिसंबर को धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र खिसतयाग्र से हुई। जिसके मुख्यअतिथि फादर मुक्ति प्रकाश मिंज, भिकर जेनेरल जशपुर डायसिस डॉ.ओस्कर, एस तिर्की, लोयला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.तेलेस्फोर, उपप्राचार्य अलेक्स लकड़ा, फादर सत्यप्रकाश रहें। ख्रस्तिम्स गैदरिंग में ग्रुप नृत्य कैरेल की धूम रहीं। विशप रेभ, ग्लैडसन मिंज बंदर चुवा मुख्य अतिथि एवं सिस्टर मेरी कुसुम तिर्की ,संत अन्ना मध्य प्रदेश प्रोविंस के प्रोविंशल विशिष्ट अतिथि रहे। इसमें हिंदू, मुस्लिम, क्रिश्चियन एवं जैन धर्म के अगुवाओं को विशेष रूप से बुलाया गया था। सभी धर्म के प्रतिनिधि अपने धर्म के सार को बताया। प्रतिनिधि के रूप में हिंदू धर्म से रामअवतार बजाज, मुस्लिम समाज से मोहम्मद सिद्दीकी, जैन धर्म से मनोज जैन ने अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में कहा यीशु सबके उद्धार के लिए जन्म लिए हैं।

### जिले के 16240 किसानों को 34 करोड़ 88 लाख की राशि का किया जाएगा भुगतान

# धान उपार्जन प्रोत्साहन योजना के तहत बकाया बोनस राशि का भुगतान होगा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- विधायक रायमुनी भगत व गोमती साय होंगी मुख्य अतिथि
- कलेक्टर ने विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर को राष्ट्रीय सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर समितियों के माध्यम से तथा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा उपार्जित धान पर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। इस दौरान जिले के आठों विकासखण्डों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें जशपुर विकासखंड में कलेक्टोरेट मंत्रणा कक्ष, मनोरा में हाई स्कूल सभागार, बगीचा में एनआरएलएम भवन, कांसाबेल में मंगल भवन, कुनकुरी में जनपद पंचायत सभागार, दुलदुल में मंगल भवन, फरसाबहार में सामुदायिक भवन एवं पत्थलगांव में इंडोर स्टेडियम हाल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कार्यक्रम स्थल में साफ सफाई, टेंट एवं पंडाल, बैठक व्यवस्था, पेयजल, साउंड सिस्टम, स्वल्पाहार, प्रमाण पत्र वितरण, हितग्राहियों की उपस्थिति, मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण व्यवस्था, निर्बाध विद्युत एवं इंटरनेट व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने कहा कि कार्यक्रम गरिमामय होना चाहिए, इसे ध्यान में रखते हुए सभी तैयारी समय पर सुनिश्चित कर लें। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा कृषकों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान पर 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से पूर्व के वर्षो का बकाया धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। जिसके तहत जिले में कुल 34 करोड़ 88 लख रुपए की राशि का भुगतान किया जाएगा। खरीफ वर्ष 2014-15 में जिले के 8 हजार 64 किसानों को 16 करोड़ 14 लाख एवं 2015-16 के 8 हजार 179 किसानों को 18 करोड़ 75 लाख बोनस का लाभ मिलेगा। इनमें वर्ष 2014-15 में जशपुर विकासखंड के 142 किसानों को 35 लाख, दुलदुला विकासखंड के 403 किसानों को 63 लाख, मनोरा के 264 किसानों को 36, बगीचा के 1147 किसानों को 2 करोड़ 18 लाख, कुनकुरी के 657 किसानों को 1 करोड़ 50 लाख, फरसाबहार के 998 किसानों को 2 करोड़ 20 लाख, कांसाबेल के 984 किसानों को एक करोड़ 78 लाख और पत्थलगांव के 3469 किसानों को 7 करोड़ 14 लाख की राशि भुगतान की जाएगी। इसी प्रकार वर्ष 2015 16 में जशपुर विकासखंड के 150 किसानों को 42 लाख, दुलदुला विकासखंड के 413 किसानों को 73 लाख, मनोरा के 262 किसानों को 44 लाख, बगीचा के 1231 किसानों 2 करोड़ 65 लाख, कुनकुरी के 628 किस को एक करोड़ 64 लाख फरसाबहार के 999 किसानों को 2 करोड़ 67 लाख, कांसाबेल के 955 किसानों को एक करोड़ 91 लाख और पत्थलगांव के 3541 किसानों को 8 करोड़ 29 लाख राशि का भुगतान किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राही कृषकों से संवाद करेंगे। जिले में किसानों को विकासखण्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पात्र हितग्राही कृषकों को धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि संबंधी प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा।



## कलेक्टर ने पीएम आवास निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- प्रगतिरत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने बधरकोना में चल रहे पीएम आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।उन्होंने प्रगतिरत आवास निर्माण कार्यों का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने हितग्रहियों से भी चर्चा की और पीएम आवास को लेकर पंचायत सचिव से जानकारी ली। उन्होंने प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने एवं आप्रारंभ कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जनपद सीईओ एवं पीएम आवास जिला समन्वयक को पंचायत में भ्रमण कर पीएम आवास के तहत बन रहे प्रगतिरत और शेष बचे निर्माण कार्यों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर समस्याओं से अवगत हुए और पीएम आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने समझाइस दिया। इस दौरान सीईओ जनपद जशपुर लोकहित भगत, पीएम आवास जिला समन्वयक श्री आशीष, तकनीक सहायक एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी सहायता के लिए सीएम निवास बना आशा का केन्द्र

**जशपुरनगर।** बगिया स्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास में स्वास्थ्य सेवा से संबंधित सहायता के लिए जशपुर सहित प्रदेश के दूसरे जिलों से लगातार जरूरतमंदों द्वारा कॉल किया जा रहा है। यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में जरूरतमंदों की तत्काल सहायता के लिए पहल की जा रही है। बीते 48 घंटे के दौरान सीएम निवास में सहायता के लिए तीन कॉल प्राप्त हुए। पहला सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए दोकड़ा निवासी सुखराम मोदी के उपचार के लिए उनके परिजन से सहयोग मांगा था। सीएम निवास ने अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल सुखराम मोदी के उपचार की व्यवस्था की। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया। इस पर घायल को अंबिकापुर तक पहुंचाने और



अस्पताल में भर्ती कराने की पूरी व्यवस्था की गई। इसी तरह बाइक से गिर कर घायल हुई फरसाबहार ब्लाक के घिंचा निवासी पद्मावती यादव की हालत गंभीर हो गई थी। चिकित्सकों ने उन्हें फरसाबहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेअंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया था। घायल को अंबिकापुर तक ले जाने के लिए,पद्मावती के परिजनों ने सीएम निवास से संपर्क किया। सीएम निवास की पहल पर,पद्मावती की जान बचाने के लिए तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर अंबिकापुर रवाना किया गया।

### अब तक सहायता के लिए 15 कॉल दर्ज

उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया गांव के निवासी और कुनकुरी के विधायक विष्णुदेव साय के छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनने के बाद बीते 10 दिनों के अंदर ही बगिया स्थित सीएम निवास में स्वास्थ्य सेवा से संबंधित सहायता के लिए जशपुर जिला सहित पूरे प्रदेश से 15 कॉल आ चुके हैं। इन सभी काल को गंभीरता से लेते हुए सीएम निवास ने पीड़ितों की सहायता के लिए पुख्ता व्यवस्था कर उन्हें राहत पहुंचाई है।

### स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए सख्ती

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पदभार ग्रहण करने के बाद प्रदेश के आला प्रशासनिक अधिकारियों की पहली बैठक में ही स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए सख्ती दिया था। मुख्यमंत्री साय ने एंबुलेंस सेवा में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए सेवा प्रदाता कंपनी को कॉल मिलने के आधा घंटे के अंदर मौके पर पहुंचने के सख्त निर्देश दिया है।

## श्री लक्ष्मी पूजन का समापन, पांच दिनों तक विधि विधान से की गई पूजा अर्चना

**कोतबा।** धर्मनगरी कोतबा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अघन मास के सुअवसर पर श्री लक्ष्मी पूजन का अनुष्ठान समस्त नगरवासी कोतबा के तत्वाधान में आयोजित किया गया। यह आयोजन नगरवासी सार्वजनिक रूप से लगातार 21 वर्षों से करते आ रहे है। जिसमे पहले दिन कोतबा खालपारा स्थित लक्ष्मी पंडाल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यज्ञ में शामिल होने कोतबा नगरवासी सहित अन्य ग्रामों की महिलाओं व भगत गण सैकडों की संख्या में उपस्थित थे। हर वर्ष आयोजित होने वाले इस पावन सार्वजनिक लक्ष्मी पूजन महोत्सव मे प्रति दिन हवन पूजन व आरती का भी आयोजन विशेष रूप से किया गया। अघन माह के आखरी गुरुवार तक आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के सभी भक्तगण बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए । वही 5



दिनों तक रोजाना संध्या आरती संगीतमय भव्य महाआरती कर देवी लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती सहित आहूत देवताओं को प्रसन्न किया गया। वही डांस प्रतियोगिता सहित शनिवार को भण्डारा व नाटक का आयोजन भी रखा गया था।


























स्वागत... वंदन... अभिनंदन...
मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के लाडले विधायक
मान. श्री श्यामबिहारी जायसवाल जी
के केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन बनने के बाद
प्रथम मनेन्द्रगढ़ नगर आगमन पर
हार्दिक स्वागत
वंदन एवं अभिनंदन..
-:: शुभेच्छु ::-
कैलाश चंद गोयल
संजीव गोयल (बंटी)
संतोष गोयल (लाला)
गणेशमल दुगड़
गौतम दुगड़
उत्तम दुगड़
गोयल राईस मिल
अन्नपूर्णा फूड्स,
पिपरिया मनेन्द्रगढ़
कल्पतरू एग्रो इंडस्ट्रीज
Gud Food Prouduct Pvt. Ltd
Manendragarh

## खबर संक्षेप

### मयंक का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी स्पर्धा में



**अम्बिकापुर।** साइंस कॉलेज रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ी मयंक मंडल ने 360 में 295 पॉइंट हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। मयंक का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी के सब जूनियर प्रतियोगिता के लिए किया गया है। मयंक के उपलब्धि पर संघ के संरक्षक लक्ष्मी प्रकाश जायसवाल, अध्यक्ष शैलेश सिंहदेव, उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, दीपक सिंह तोमर, कोषाध्यक्ष प्रियंका सिंह, सह सचिव एम सिद्धीकी, सचिव राहुल सोनकर एवं सहायक कोच ओम सिंह ने शुभकामनाएं दी है।

### विधायक प्रबोध मिंज ने गांवों का किया भ्रमण



**अम्बिकापुर।** विधायक प्रबोध मिंज ने ग्राम कंठी, खाला, कतकालो, सोहगा चौक, लिब्रा, कलगसा, करेंया, ससकालो और किशुननगर का भ्रमण कर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया तथा कहा कि भाजपा ने किसानों से किया वादा निभाया है। 25 दिसम्बर को किसानों को 2 साल का बकाया बोनस भुगतान किया जाएगा। किसानों से अब 31 रूपया किलो की दर से 21 क्विंटल एकड़ धान खरीदा जाएगा, जिससे किसानों को प्रति एकड़ 6300 रूपए का लाभ होगा। उन्होंने बिजली, पानी, सड़क की समस्याओं पर अधिकारियों को ध्यान दिलाया तथा समस्याओं का निराकरण करने निर्देशित किया।

### दो दर्जन कोल कर्मचारियों का हुआ तबादला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कोल मुख्यालय द्वारा दो दर्जन कर्मचारियों का तबादला आदेश जारी किया गया है,जारी आदेश में ई ए पद के अली साहब रिजवी को भटगांव से बिश्रामपुर, विजय कुमार को सोहागपुर से कुसमुंडा, भवानी सिंह बिस्ट को हसदेव से जोहिल्ला, फिरोज अहमद खान को बिश्रामपुर से भटगांव, जगन्नाथ नंदी को बिश्रामपुर से बैकुंठपुर, एसके डक्सेना को बिश्रामपुर से बैकुंठपुर, डीके सिंह को बिश्रामपुर से चिरमिरी, देवराज बिंद्रा को कोरबा से दीपिका, विजय प्रताप सिंह बघेल को कुसमुंडा से दीपिका, एस माथव को दीपिका से हेडक्वार्टर, करनेल सिंह को दीपिका से कुसमुंडा, डीआर जटवार को गेवरा से सीडब्लूएस गेवरा, डोरीलाल साहू को सीडब्लूएस गेवरा से सोहागपुर, संजय कुमार सिंह को चिरमिरी से बैकुंठपुर, तरुण कुमार को हेडक्वार्टर से बिश्रामपुर, सीनियर ओवरसियर मिथलेश कुमार सिन्हा को बैकुंठपुर से बिश्रामपुर, ऐनामूल हक को बैकुंठपुर से कोरबा, राजीव कुमार को बैकुंठपुर से बिश्रामपुर, ओवरसियर सुरेश कुमार वारके को जोहिल्ला से हसदेव, मनहरण सिंह को जोहिला से हसदेव, मोहन सिंह को जोहिला से हसदेव, मनिन्द्र मेहर को हसदेव से जोहिला, अजय कुमार त्रिपाठी को हसदेव से रायगढ़, राहुल तिवारी को रायगढ़ से जोहिला, संज्यूस एक्का को बिश्रामपुर से बैकुंठपुर तबादला किया गया है ।

### निर्माणाधीन पुलिया के गड्ढे में गिरा बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** बैकुंठपुर थाना अंतर्गत ग्राम चारपारा निवासी हरभजन सिंह आ. धरमपाल सिंह 21 दिसंबर की शाम अकेले अपने ससुराल ग्राम दुर्गापुर बेवरापारा जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार रात 8 बजे रास्ते में निर्माणाधीन पुलिया के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक समेत पुलिया में गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी पुलिया निर्माण कर रहे मजदूर ने फोन कर परिजन को सूचना दी। सूचना पर परिजन ने घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## हर दिन पहुंच रहे 2 हजार से अधिक पर्यटक

# पर्यटकों से गुलजार हुए मैनपाट के पर्यटन स्थल



दलदली का भ्रमण करते पर्यटक।



कार्निवाल स्थल पर पर्यटकों के लिए सजाए गए टेंट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- दूसरे राज्यों के पर्यटकों की उपस्थिति से लोगों में भारी उत्साह

ठंड बढ़ने के साथ ही छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट की रंगत बदल गई है। मैनपाट के पर्यटन स्थल बाहर के पर्यटकों से गुलजार हो गए हैं। इस बार पर्यटकों की संख्या में हुई बेतहाशा वृद्धि से लोगों ने पर्यटन विकास की उम्मीदें जगी हैं। इस बार छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ ही पड़ोसी राज्यों के पर्यटक भी मैनपाट की ठंड का लुत्फ लेने पहुंच रहे हैं।

मध्य दिसम्बर के बाद मैनपाट की स्थिति बदल जाती है। सूने पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार हो जाते हैं। हाल के वर्षों तक दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में पर्यटकों का आवागमन शुरू होता था। साल के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते थे। पर्यटकों में अधिकांश संभाग मुख्यालय सहित आसपास के लोग होते थे जिनका उद्देश्य परिवार के साथ प्राकृतिक वातावरण में पिकनिक मनाने के साथ पर्यटन स्थल एवं भौगोलिक स्थिति को जाना होता था लेकिन पर्यटन के नक्शे में अपनी जगह बनाने के बाद स्थिति में तेज बदलाव आया है। पिछले पांच-छह सालों से पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पहले मध्य दिसम्बर के बाद छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के पर्यटक पहुंचते थे तथा दिसम्बर के अंत तक पर्यटन स्थलों का भ्रमण करते थे। क्षेत्र में पर्यटन का समय तो नहीं बढा है लेकिन इस साल पर्यटकों की संख्या में बेतहासा वृद्धि हुई है। इस बार हर दिन छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से दो हजार से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। इस बार मैनपाट के पर्यटन में बड़ा बदलाव देखा जा रहा है कि पहली बार कलकत्ता, झारखण्ड, उड़ीसा के झारसुगुड़ा एवं मध्यप्रदेश के शहडोल से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। हाल ही में पर्यटकों की सुविधा के लिए झारसुगुड़ा से मैनपाट तक एक दिन ओड़िसा के 50 से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की संख्या बढने से पर्यटन विभाग के सभी रिसॉर्ट एवं एक दर्जन से अधिक होटल 31 दिसम्बर तक फुल है। स्थानीय लोग अपने घरों में पर्यटकों के रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था कर कमाई का नया श्रोत विकसित किया है। भविष्य में इसकी संभावनाओं को देखते हुए बड़ी संख्या में उद्यमी आएंगे।

### नहीं है मनोरंजन की व्यवस्था

मैनपाट में मनोरंजन की व्यवस्था नहीं है जो पर्यटकों को खल रही है। पर्यटन की दृष्टि से स्थानीय उत्पादों एवं हस्तशिल्प को आगे लाने की अब तक कोई पहल नहीं की गई है। जनजातिय समाज द्वारा बांस एवं लकड़ी से सामग्रियां पर्यटकों की पसंद बन सकती है। जनजातीय समाज की लोक संस्कृति सहित अन्य उत्पादों के माध्यम से रोजगार के साधन विकसित करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

### भा रहा तिब्बतियों का मोमोच व थुक्पा

पर्यटन स्थलों के साथ ही पर्यटक तिब्बती संस्कृति को जानने मैनपाट के बौध मंदिरों एवं तिब्बती कैंपो का भ्रमण कर रहे हैं। पर्यटकों को तिब्बती कैंप एक के कैंटीन में बना मोमोच, थुक्पा एवं सभाले खूब भा रहा है। तिब्बती कैंप के कैंटीन में पूरे दिन पर्यटकों की भीड़ बनी रहती है। पर्यटक मैनपाट में उत्पादित टाऊ व बरसाती आलू की फसल की जानकारी ले रहे हैं तथा टाऊ एवं टाऊ के आटे की खरीदी भी कर रहे हैं।

### जगह-जगह लगे टेंट

उद्यमियों ने पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए विभिन्न स्थानों पर टें की व्यवस्था की है। उद्यमियों द्वारा ग्राम पंचायत पटपरिया, मेहता पाइंट एवं मैनपाट कार्निवाल स्थल पर टेंट लगाए गए हैं। पर्यटक किराया देकर टेंट में ठहर रहे हैं। उद्यमियों द्वारा टेंट में ठहरने वाले पर्यटकों के नाश्ता भोजन सहित अन्य जरूरतों को भी पूरा किया जा रहा है। होटल एवं रिसॉर्ट के आसपास के पर्यटकों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था की है। होटल एवं मोटल में जगह नहीं मिलने के कारण पर्यटक घरों में ठहरना पसंद कर रहे हैं। क्षेत्र में पर्यटन के विकास होने से लोगों की कमाई बढ़ गई है। पर्यटन से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने घरों में पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं। क्षेत्रवासी अपने वाहनों को भी किराए पर चला रहे हैं।

# प्राथमिक उपचार का जीवन में विशेष महत्वः अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

आम जीवन में प्राथमिक उपचार का विशेष महत्व है, यदि गंभीर रूप से घायल प्राणी को सामय पर प्राथमिक उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचने की उम्मीद काफी हद तक बढ़ जाती है।उक्त बातें एसईसीएल बिश्रामपुर जीएम अजय तिवारी ने स्थानीय एकता स्टेडियम में शनिवार को आयोजित अंतर सह क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के आसंदी से कही, उन्होंने कहा कि हम प्रकृति के विरुद्ध जाकर कोयला खनन करते है जो बहुत ही जोखिम भरा कार्य होता है, इसमें थोड़ी से भी असावधानी होने से दुर्घटना घट सकती है, इसलिए हम सभी को सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए खदान में कार्य करना चाहिए। उक्त आयोजित प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न खदानों सहित सेंट्रल अस्पताल रीजनल वर्कशाप के आधा दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया।दिन भर चली प्रतियोगिता के बाद शाम को प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि जीएम अजय तिवारी के अलावा विशिष्ठ अतिथि शिवानी महिला समिति की अध्यक्षा ममता तिवारी सहित क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित थे।प्रतियोगिता में समस्त परीक्षाओं में आर जी के सब एरिया - टीम ए ,आमगांव सब एरिया टीम- बी व सेंट्रल हॉस्पिटल की टीम सी को विजेता घोषित किया गया।इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन जीएम ने सुरक्षा ध्वज फहरा कर किया जिसके बाद सभी टीमों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता आरंभ की घोषणा की। प्रतियोगिता में सेंट्रल हॉस्पिटल के चिकित्सक सीएमओ डॉ वी एन सिंह, डॉक्टर निरंजन,डॉक्टर प्रधान सहित अन्य चिकित्सक बतौर निर्णायक उपस्थित रहे।प्रतियोगिता का आयोजन आमगांव सहक्षेत्र द्वारा किया गया था।इस अवसर पर आमगांव सब एरिया मैनेजर अवधेश झा,एरिया सेफ्टी ऑफिसर वीके गुप्ता सहित अन्य अधिकारी सहित जे सी सी वेलफेयर के सदस्य अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



उपचार विधि का प्रदर्शन करते कर्मी।

## अयोध्या से पूजित अक्षत का भव्य स्वागत



**नगर।** नगर अयोध्या से पूजित अक्षत 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत नगर, उमझर, जुनापारा, बिशुनपुर, रटगा, सारा व गदबदी सहित इलाके 15 ग्रामों के लिए लाया गया, जिसका ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा कलस को तिलक लगा पुष्प चढ़ा कर आरती उतारी गई। 22 दिसंबर को बैकुंठपुर को प्रेमाबाग स्थित श्रीराम मंदिर से अयोध्या से आए पूजित अक्षत को ग्राम पंचायतों के लिए आमंत्रण के लिए दिया गया, जिसे क्षेत्र के सभी पंचायतों से भक्त पहुंच कर अपने ग्रामों के लिए प्राप्त कर ग्राम की मंदिरों व देवालयों में रखा गया। इस दौरान नगर मंडल के 7 पंचायतों के 15 ग्रामों के कार्यकर्ताओं का ग्रामीणों द्वारा नगाड़ों व पुष्पवर्षा से जोरदार स्वागत किया गया।

## किसानों को धान के दो साल मिलेगा बकाया बोनस

**बैकुंठपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला एमसीबी के किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 की बकाया धान की बोनस राशि 6 करोड़ 44 लाख रूपए का भुगतान किया जाएगा। धान उत्पादन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने अपने अनुपूरक बजट में धान उत्पादन पर प्रोत्साहन योजना के लिए राशि का प्रावधान किया है। सुशासन दिवस के अवसर पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और आम जनता की गरिमामय उपस्थिति में जिला एमसीबी में कृषि उपज मंडी प्रांगण चैनपुर, विकासखंड भरतपुर अंतर्गत जनकपुर सहकारी बैंक कैंपम्स तथा विकासखंड खड़गवां अंतर्गत जनपद कार्यालय प्रांगण में दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया जाएगा, इसके लिए राज्य शासन द्वारा 25 दिसंबर के पहले नगरीय निकायों तथा समस्त ग्राम पंचायतो में पूर्व से निर्मित अटल चौक की साफ-सफाई, आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं।

# विद्यार्थियों के शानदार नृत्य प्रदर्शन ने मोह लिया दर्शकों का मन




**खास बात**

- सेंट जोसेफ स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** सेंट जोसेफ कॉनवेंट हायर सेकेंडरी स्कूल तेंदूडांड़, नार्थ झगराखांड़ मनेन्द्रगढ़ में हर्षोल्लास के साथ पहला वार्षिकोत्सव मनाया गया। सेंट जोसेफ कॉनवेंट हायर सेकेंडरी स्कूल तेंदूडांड़, नार्थ झगराखांड़ मनेन्द्रगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अजय मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी जिला एमसीबी, विशेष अतिथि सुरेन्द्र कुमार जायसवाल विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी, विद्यालय समिति के उच्च पदाधिकारीगण सिस्टर सेसिलिअम्मा थुम्मा, विद्यालय संस्था की प्रबंधक सिस्टर फ्लोरा किंडो, प्राचार्या सिस्टर मधु खेस, उप प्राचार्या सिस्टर शौरिलु एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सबका महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के उक्त कार्यक्रम में बच्चों ने अपने नृत्य एवं अन्य प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि, सभी पदाधिकारियों द्वारा प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एवं विशेष अतिथि विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को उनकी पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए मार्गदर्शन एवं संदेश दिए। कार्यक्रम उपरांत मुख्य अतिथि एवं पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया गया।

# मार्गदर्शन शिक्षण संस्थान में संचालित बीएड के प्रवेश पर रोक

**बैकुण्ठपुर।** तलवापारा बैकुंठपुर स्थित मार्गदर्शन शिक्षण संस्थान में संचालित बीएड पाठ्यक्रम 2023-24 के प्रवेश में शिकायत सामने आने के बाद कलेक्टर ने आगामी आदेश तक प्रवेश प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। विदित हो कि मार्गदर्शन संस्थान में प्रवेश लेने के लिए पहुंचे छात्रों ने प्रवेश प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप लगाए थे। प्रवेश प्रक्रिया में अनियमितता की जानकारी मिलने पर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने जिला प्रशासन को जांच करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर शिक्षण संस्थान में गठित जांच दल तहसीलदार बैकुंठपुर, नायब तहसीलदार बैकुंठपुर, जिला शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर एवं जिला खेल अधिकारी बैकुंठपुर द्वारा उपस्थित होकर शिकायत की जांच की गई। उक्त शिकायत की जांच में प्रथम दृष्टया बीएड पाठ्यक्रम 2023-24 की प्रवेश प्रक्रिया एससीईआरटी के विधिक प्रावधानों के अनुरूप नहीं पाई गई एवं 21 दिसंबर 2023 को जारी की गई चयन सूची में अनियमितता पाई गई है, इसके कारण आगामी आदेश पर्यन्त तक शिक्षण संस्थान के बीएड पाठ्यक्रम 2023-24 की 21 दिसंबर 2023 को जारी की गई चयन सूची की प्रवेश प्रक्रिया पर रोक लगाई गई है। संबंधित संस्थान को निर्देशित किया गया है कि जारी चयन सूची की प्रवेश प्रक्रिया को आगामी आदेश पर्यन्त तक स्थगित रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## सर्वेश्वरी समूह ने शिविर में की 353 पहाड़ी कोरवाओं की जांच

**राजपुर।** सर्वेश्वरी समूह शाखा अंबिकापुर द्वारा विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ पहाड़ी कोरवा बस्ती पतरापारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला स्कूल परिसर के समीप आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों का उपचार करने के साथ ही दवाओं का वितरण किया गया। बता दें कि सर्वेश्वरी समूह शाखा अंबिकापुर द्वारा 22 दिसंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पतरापारा में किया गया था। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 353 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान 91 लोगों का नेत्र परीक्षण कर चश्मा प्रदान किया गया जबकि शिविर में शुगर के 50 व बीपी के 100 मरीज सामने आए। वहीं शिविर के दौरान पहाड़ी कोरवा आश्रम के बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में समूह द्वारा लोगों को कंबल का भी वितरण किया गया। शिविर में डॉ. प्रीतम राम, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. अर्पण सिंह, डॉ. बी एन द्विवेदी, डॉ. अनुभव सिंह, डॉ. एएन. द्विवेदी, डॉ. सुशील मिश्रा, डॉ. मुकेश सोनी, नेत्र सहायक पंकज ठाकुर, फार्मासिस्ट संतोष कुमार, अभय नारायण, अनुज ठाकुर, प्रवीण चौबे, राहुल जायसवाल, प्रेमा के साथ ही समूह की ओर से व्यवस्थापक समर विजय सिंह तोमर व ग्रामीण मौजूद थे।

## दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय, मदनपुर में शुक्रवार को दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़, रिले रेस, रस्सी दौड़, मटका दौड़, चम्मच दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, तवा फेंक सहित अन्य खेल स्पर्धाओं में प्रशिक्षार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# रेत लोड चार हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

**खास बात**

- सीतापुर-प्रतापगढ़ से किया जा रहा अवैध उत्खनन व परिवहन

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही जिला प्रशासन टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज बतौली में राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान प्रतापगढ़ सीतापुर से अंबिकापुर जा रही बालू लोड चार हाईवा को जब्त किया।

राजस्व टीम के नयाब तहसीलदार संजय सारथी ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में अवैध उत्खनन पर नजर रखी जा रही है। बतौली चौक पर निरीक्षण के दौरान सीतापुर प्रतापगढ़ से चार बालू लोड हाईवा क्रमांक सीजी 15 डी एक्स 1805, सीजी 15 डी टू 0542, सीजी 15 डी वी 2990, एवं एक नए हाईवा को जब्त कर थाने के सुपुर्द किया गया है। चारों हाईवा अंबिकापुर निवासी दीपक अग्रवाल की बताई जा रही है जो लुंड्रा से गिट्टी लोड कर मैनपाट लेकर गया था और वापसी के दौरान सीतापुर प्रतापगढ़ से बिना पीट पास के बालू लोड कर अंबिकापुर लेकर आ रहे थे। अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर राजस्व पुलिस की संयुक्त द्वारा जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान बतौली राजस्व टीम में नायब तहसीलदार संजय सारथी, आरआई धर्मेंद्र दुबे, शिवपूजन तिवारी, पटवारी बुद्धेश्वर एवं अरविंद, आरक्षक राजेश मिंज, देवशरण सिंह, पंकज लकड़ा, राजू कुजूर सहित अन्य मौजूद थे।



## पृष्ठ 1 का शेष

### पांच दिवसीय एफएलएन ...

नागपुर से दुर्गा प्रसाद जायसवाल, बेलबहरा से धर्मेंन्द्र पैकरा, घुटरा से अंतिम राय, घुटरा से कुरैशी, बिहारपुर से वीर सिंह, महाई से नर्मदा सिंह शांडिल्य, कछौड़ से उपस्थित रहे। एबीईओ सुरेन्द्र जायसवाल, प्रिंसिपल गिरीश कुरचानिया, सभी संकुल समन्वयक एवं शिक्षक आत्मसात किए।

### एसपी ने ली समीक्षा बैठक,...

बैकुंठपुर श्रीमती कविता ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्यामलाल मधुकर समेत समस्त थाना-चौकी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखा प्रभारी मौजूद रहे।




